आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 15.10.2024 समय : 1905

<><><><><><><>

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली के भारत मण्डपम में अंतरराष्ट्रीय दूरसंचार संघ के विश्व दूरसंचार मानक सम्मेलन और इंडिया मोबाइल कांग्रेस के आठवें संस्करण का उद्‌घाटन किया।
- केन्द्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि भारत 6जी प्रौद्योगिकी के विकास में दुनिया का नेतृत्व करने के लिए तैयार है।
- दक्षिण अंडमान ज़िले में चल रहे वार्षिक सम्मरी रिविज़न की गतिविधियों पर बैठक का आयोजन किया गया।
- सांसद बिष्णु पद रे ने होम गार्ड के खाली पड़े पदों को जल्द से जल्द भरे जाने का अनुरोध किया है।
- कमोर्टा के पिलपिलो गांव में सामाजिक गतिशीलता शिविर और सामुदायिक संपर्क कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली के भारत मण्डपम में अंतरराष्ट्रीय दूरसंचार संघ के विश्व दूरसंचार मानक सम्मेलन –दो हजार चौबीस और इंडिया मोबाइल कांग्रेस के आठवें संस्करण का उद्‌घाटन किया। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि भारत दूरसंचार और उससे संबंधित प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अभी दुनिया का सबसे अधिक सक्रिय देश है। उन्होंने कहा कि भारत में एक सौ बीस करोड़ लोगों के पास मोबाइल, पचानब्बे करोड़ के पास इंटरनेट हैं और दुनिया के चालीस प्रतिशत से अधिक डिजिटल लेन–देन भारत में होते हैं। उन्होंने कहा कि भारत ने लास्ट माइल डिलीवरी के लिए डिजिटल कनेक्टिविटी को प्रभावशाली माध्यम बनाया है। उन्होंने कहा कि देश का डिजिटल विजन चार स्तंभों– सस्ते उपकरणों, सभी क्षेत्रों में कनेक्टिविटी, किफायती डाटा और डिजिटल प्राथमिकता पर कार्य करता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि डब्ल्यूटीएसए का उद्देश्य वैश्विक मानकों की दिशा में कार्य करना है और मोबाइल कांग्रेस की सेवा क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका है। केन्द्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने इस अवसर पर कहा कि भारत 6जी प्रौद्योगिकी के विकास में दुनिया का नेतृत्व करने के लिए तैयार है। उन्होंने बताया कि पिछले तीन वर्षों में

सरकार ने दस अरब डॉलर का निवेश किया है तथा देश के ग्रामीण क्षेत्रों में सात लाख किलोमीटर फाइबर नेटवर्क तैयार किया है। श्री सिंधिया ने कहा कि पहले दूरसंचार क्षेत्र को लोगों के बीच परस्पर संपर्क के माध्यम के रूप में देखा जाता था, लेकिन आज भारतीय दूरसंचार की बदौलत लोगों को देश के विकास में भागीदार बनाया जा रहा है। डब्ल्यूटीएसए डिजिटल टेक्नोलॉजी के लिए संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी– विश्व दूरसंचार मानकीकरण सभा के मानक कार्यों का संचालन सम्मेलन है। इसका आयोजन हर चार वर्ष में किया जाता है। भारत और एशिया प्रशांत क्षेत्र में इसका आयोजन पहली बार किया जा रहा है। यह एक प्रमुख वैश्विक आयोजन है, जिसमें एक सौ नब्बे देशों के दूरसंचार, डिजिटल तथा सूचना और संचार प्रौद्योगिकी क्षेत्र के तीन हजार से अधिक उद्योगपति, नीति निर्माता और तकनीकी विशेषज्ञ एक मंच पर एकत्रित होते हैं। इंडिया मोबाइल कांग्रेस में इनोवेशन इकोसिस्टम का प्रदर्शन किया जा रहा है। प्रमुख दूरसंचार कंपनी और इनोवेटर क्वांटम प्रौद्योगिकी तथा सर्कुलर इकोनॉमी में देश की प्रगति के प्रदर्शन के साथ 6जी, 5जी, क्लाउड और एज कम्प्यूटिंग, सेमीकंडक्टर, साइबर सुरक्षा, हरित प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष संचार और इलैक्ट्रोनिक विनिर्माण क्षेत्र का भी प्रदर्शन करेंगे। इंडिया मोबाइल कांग्रेस एशिया का सबसे बड़ा डिजिटल प्रौद्योगिकी मंच है। यह विश्व भर में प्रौद्योगिकी और दूरसंचार पारिस्थितिकी तंत्र में नवाचार समाधान, सेवा तथा उद्योग, सरकार, शिक्षा, स्टार्टअप्स और अन्य मुख्य हितधारकों के लिए उन्नत सुपरिचित मंच बन चुका है।

**<><><><><><><>**

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार दक्षिण अंडमान ज़िले में बीस अगस्त से चल रहे वार्षिक सम्मरी रिविज़न की गतिविधियों पर बैठक का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य सटीक और भरोसेमंद मतदाता सूची को तैयार करना है। बैठक में हितधारकों, जिला उपायुक्त व जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में सभी राजनीतिक दलों के साथ दो हजार पच्चीस के संदर्भ में फोटो मतदाता सूची में संशोधन के लिए चल रहे वार्षिक सम्मरी रिविज़न के लिए री–रिविज़न गतिविधियों पर चर्चा की गई। री–रिविजनकरण के तहत बूथ स्तर के अधिकारियों द्वारा मतदाताओं के वर्तमान क्षेत्र में मतदाता सूची में उनके नामों की घर–घर जाकर जांच का कार्य किया जा रहा है। इसके अलावा ये अधिकारी अगले वर्ष एक जनवरी तक भावी मतदाताओं के अलावा अगले वर्ष एक अप्रैल, एक जुलाई और एक अक्तूबर तक मतदान के योग्य होने वाले भावी मतदाताओं के बारे में भी सूचना एकत्र कर रहे हैं। इसके अलावा मतदाता सूची में प्रविष्टियों में जरूरी सुधार का कार्य भी किया जा रहा है। इस वर्ष उनतीस अक्तूबर को एकीकृत मतदाता सूची का मसौदा प्रकाशित किया जाएगा। उनतीस अक्तूबर से अट्ठाईस नवम्बर के बीच दावे और आपत्तियां आमंत्रित की जाएगी और अगले वर्ष छः जनवरी को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन होगा। ज़िला प्रशासन ने इस प्रक्रिया

के दौरान बूथ स्तर के अधिकारियों को सहयोग देने का अनुरोध किया है। मतदाता अपने मोबाइल नम्बर और आधार को भी लिंक कराने के लिए जानकारी दे सकते हैं।

**<><><><><><><>**

सांसद बिष्णु पद रे ने होम गार्ड के खाली पड़े पदों को जल्द से जल्द भरे जाने का अनुरोध किया है। मुख्य सचिव को लिखे अपने पत्र में उन्होंने पूर्व होम गार्डों की शिकायतों का हवाला देते हुए कहा कि होम गार्ड के पांच सौ से अधिक रिक्त पद दो हजार बीस से खाली पड़े हैं, जिसे शीघ्र भरने का अनुरोध किया गया है। उन्होंने कहा कि नियमों में संशोधन से पहले जो भी रिक्तियां होती है, उन्हें कानून के मौजूदा प्रावधानों के अनुसार भरा जाना चाहिए। भर्ती प्रक्रिया में देरी से न केवल द्वीपों के बेरोज़गार युवाओं को अल्पकालिक रोजगार के अवसरों से वंचित होना पड़ता है, बल्कि पुलिस विभाग में कानून और सुरक्षा व्यवस्था के समग्र प्रदर्शन के लिए भी खतरा उत्पन्न होता है। इसे देखते हुए सांसद ने मुख्य सचिव से होम गार्डों के संदर्भ में भर्ती प्रक्रिया जल्द से जल्द शुरू करने को कहा है।

**<><><><><><><>**

ग्रामीण विकास, पंचायती राज संस्थाओं और शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय की ओर से दीनदयाल अंत्योदय–राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत कमोर्टा के पिलपिलो गांव में सामाजिक गतिशीलता शिविर और सामुदायिक संपर्क कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य गांव की महिलाओं के साथ जुड़ना और स्वयं सहायता समूह बनाने की संभावनाओं पर चर्चा करना था, ताकि क्षेत्र में आर्थिक निर्भरता और आजीविका गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए जागरूकता उत्पन्न की जा सके। ननकौड़ी के खंड विकास अधिकारी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि समुदाय की स्थिति को मजबूत करने में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने स्वयं सहायता समूह की सफलता के लिए महिलाओं के बीच एकता, सहयोग और आपसी समर्थन के महत्व पर बल दिया। खंड विकास अधिकारी ने कहा कि समूह के निर्माण कार्यक्रमों के लिए प्रशासन हर क्षेत्र में सहायता प्रदान करेगा। गांव की आदिवासी महिलाओं ने चर्चाओं में सक्रिय रूप से भाग लिया। इस अवसर पर गांव कप्तान, हेडमैन और अन्य जन प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

**<><><><><><><>**

आकाशवाणी के श्री विजयपुरम केन्द्र से कल लाईव फोन–इन कार्यक्रम हैलो डॉक्टर का विशेष अंक प्रसारित किया जाएगा। कार्यक्रम का विषय रहेगा–विश्व रीढ़ दिवस। कार्यक्रम में विशेषज्ञ डॉ. निज़ामुद्दीन

श्रोताओं से संवाद करेंगे। श्रोता फोन संख्या दो तीन दो पांच पांच आठ और दो तीन दो तीन तीन छः पर डायल कर अपने प्रश्न पूछ सकते हैं। कार्यक्रम कल शाम साढ़े छः बजे से सुना जा सकता है।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद ने एक विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि तकनीकी कारणों के चलते जल शुल्क अदायगी के लिए ऑनलाइन भुगतान आज से लेकर तीस अक्तूबर तक बंद रहेगी।

<><><><><><><>